राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–215/2024

राज्यपाल ने बिहार के प्रतिभावान खिलाड़ियों के साथ संवाद किया

पटना, 17 अक्टूबर 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, पटना में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राज्य व देश का प्रतिनिधित्व कर चुके बिहार के प्रतिभावान खिलाड़ियों के साथ संवाद किया।

राज्यपाल ने उनसे बातचीत करते हुए कहा कि वे कम सुविधाओं और अनेक चुनौतियों के बावजूद संघर्ष करते हुए आगे बढ़े हैं और उन्होंने अपने राज्य और देश का नाम रौशन किया है। हमारे दिव्यांग खिलाड़ी भी कठिन संघर्ष करके पदक जीतते हैं। हमें अपने खिलाड़ियों से प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। राज्यपाल ने महिला खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी बेटियों को शारीरिक रूप से सक्षम होना चाहिए और इसके लिए खेलकूद आवश्यक है।

उन्होंने राज्य सरकार द्वारा खेल विभाग के गठन की सराहना करते हुए कहा कि इससे बिहार में खेलकूद को बढ़ावा मिलेगा तथा खिलाड़ियों को विशेष सुविधाएँ मिलेंगी। 'खेलो इंडिया' के तहत भी विश्वविद्यालयों में खेलकूद के लिए प्रावधान किए गये हैं। भारत सरकार ने इस वर्ष खेल के लिए अनेक प्रावधान किए हैं जिसका लाभ बिहार को भी मिलेगा। राज्यपाल ने बच्चों को खेलकूद से जोड़ने को कहा। खिलाड़ियों ने भी बिहार में खेलकूद को बढ़ावा देने के संबंध में अनेक सुझाव दिये।

राज्यपाल ने पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, पटना में चांसलर ट्रॉफी अंतर–विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता, 2024 के तहत बी०एन० मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा एवं पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ के बीच महिला वर्ग एवं एमिटी यूनिवर्सिटी व बी०आर०ए० बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के बीच पुरूष वर्ग प्री–क्वार्टर फाइनल मैच भी देखे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय भी प्राप्त किया।

....